हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025



11 चित्रों से उकेरी सेना के शौर्य की गाथा दुश्मन देश …



12 पीटीआई एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी …




## खबर संक्षेप

### घर के सामने से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**लोहारू।** बीती देर रात नकाबपोश दो युवकों द्वारा शहर के वार्ड न. 14 से घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने हमेशा की तरह अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात को नकाबपोश दो युवक उसकी बाइक चोरी कर ले गए। चोरी की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दीपक ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर जांच की तो दोनों युवक रात्रि दो बजकर 50 मिनट पर रेलवे स्टेशन के पास होटल पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर बाइक दिलाने की मांग की है।

### गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए जागरूकता शिविर

**भिवानी।** उपायुक्त कौशिक ने बताया कि गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों का सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के उद्देश्य से 30 मई 2025 तक जिला भिवानी में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। सहायक श्रम आयुक्त कम नोडल अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, ट्रैवल व हॉस्पिटैलिटी श्रमिक, कटेंट एवं मीडिया सर्विस व अन्य सर्विस प्रोवाइडर को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। केंद्र सरकार ने बजट में घोषणा की है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ अब गिग वर्कर्स को भी मिलेगा।

## अंशुल गिल थाईलेंड में करेगा देश का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- मुक्केबाज अंशुल ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- 24 मई से 1 जून तक थाईलेंड में होगी चैंपियनशिप

कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी के बॉक्सर अंशुल गिल 24 मई से 1 जून तक थाईलेंड में होने वाली थाईलेंड ओपन इंट्रनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी देते हुए कोच भीम अवार्डी संजय श्योराण ने बताया कि अंशुल गिल की तैयारियां पूरी हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि वे गोल्ड मेडल लेकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। बॉक्सर अंशुल गिल को थाईलेंड के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुलाकात कर शुभकामनाएं दी तथा उनका हौंसला बढ़ाया है। इस अवसर पर अकादमी महासचिव प्रीतम दलाल व अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता ने भी शुभकामनाएं दी।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता




**भिवानी।** सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- कासनी की तनिष्का, गौरीपुर के मनन, फतेहगढ़ की लक्षिता, चरखी की वेदांत और निशिका को सफलता मिली

एससीआर वमावि चरखी के पांच विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस परीक्षा में सफलता हासिल कर परचम लहराया। सोमवीर सांगवान ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत, विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य विनोद ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा दबी होती है, जरूरत है उनकी प्रतिभा को पहचान कर सही दिशा में प्रोत्साहन देने की। इस परीक्षा में गांव कासनी की तनिष्का, गौरीपुर के मनन, फतेहगढ़ की लक्षिता, चरखी की वेदांत और निशिका ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर कुंदनलाल शर्मा सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### डीईओ ने सात स्कूलों का किया निरीक्षण, स्कूल संचालकों में मचा हड़कम्प

# कागजात नहीं मिलने पर दो स्कूल करवाए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने निजी स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्कूल व एक एकेडमी के पास कोई दस्तावेज नहीं मिले। अधिकारी ने दोनों को बंद करने के निर्देश दिए। उसके बाद अधिकारी ने पांच अन्य प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने स्कूलों में बच्चों की किताबें की जांच की। किताबें एनसीईआरटी की है या प्राइवेट पब्लिसर की। डीईओ के इस तरह के अभियान के बाद निजी स्कूल संचालकों में हड़कम्प मच गया। इस मौके पर डीईओ ने कहा कि बिना मान्यता के एक भी स्कूल को नहीं चलने दिया जाएगा। विभाग द्वारा इसी तरह से स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा।

### बच्चों को न बुलाएं

सुबह जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज अपनी टीम के साथ निजी स्कूल में पहुंचे। उस वक्त स्कूल में बच्चों की क्लासें लगी हुई थी। अधिकारी ने स्कूल संचालक से मान्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे। कुछ देर तक तो स्कूल संचालक दाएं बाएं फाइलों को कुरेदते रहे,लेकिन आधे घंटे के बाद भी संचालक मान्यता से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। अधिकारी ने उसी वक्त उस स्कूल को बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि शनिवार को किसी भी बच्चे को स्कूल में न बुलाया जाए। अगर कोई बच्चा बुलाया गया तो संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद अधिकारी से एकेडमी में पहुंचे। वहां पर भी अधिकारी ने एकेडमी संचालक से मान्यता से संबंधित दस्तावेज की मांग की,लेकिन संचालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने एकेडमी को बंद करने के निर्देश दिए। हालांकि एकेडमी संचालक ने बताया कि उसका स्कूल किसी अन्य जगह पर है। वह तो यहां पर केवल बच्चे एकत्रित करके वहां स्कूल में ले जाते हैं,लेकिन अधिकारी ने शनिवार को यहां पर किसी भी बच्चे को बुलाने पर रोक लगा दी। उसके बाद अधिकारी ने शहर के पांच अन्य निजी स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के मान्यता से सबंधित कागजात देखे। साथ की क्लासों में जाकर बच्चों के बैगों में पुस्तकें देखी। यह भी जांच की कि पुस्तकें निजी प्रकाशक की है या एनसीईआरटी की। अधिकारी के इस तरह के अभियान के बाद निजी स्कूल संचालकों में हड़कम्प मच गया। विगत में शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता प्राप्त स्कूल व एकेडमी की सूची जारी की थी। जिसमें अकेले भिवानी में 200 के आसपास बिना मान्यता के स्कूल तथा एकेडमी मिली। जिनको शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी किए और मान्यता संबंधित कोई दस्तावेज है तो विभाग के कार्यालय में जमा करवाए,लेकिन एक माह का अरसा बीत चुका है,लेकिन सूची में शामिल किसी स्कूल संचालक ने कोई दस्तावेज नहीं दिखाया। उसके बाद विभाग ने आज बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद करवाने का अभियान शुरू किया है। जिसके चलते आज दो स्कूलों को बंद करवाया गया है।



**भिवानी।** निरीक्षण के दौरान निजी स्कूल के कागजातों की फाइल की जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भविष्य में भी जारी रहेगा यह अभियान

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने बताया कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया था। जिसमें एक स्कूल तथा एक एकेडमी को बंद करने के निर्देश दिए गए है। इनके पास कोई भी कागजात नहीं मिल पाया। इनके अलावा पांच अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों को चलने नहीं दिया जाएगा।

### बीपीएचओ का स्थापना दिवस समारोह कल

- केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा होंगे मुख्यातिथ

**भिवानी।** भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन रजि. के स्थापना दिवस पर 25 मई को सोनीपत के गोहाना स्थित सेक्टर-7 कम्यूनिटी हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बीपीएचओ के सह संस्थापक रमेश टांक ने बताया कि कार्यक्रम में ब तौ र मुख्या ति थि केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शिरकत करेंगे तथा अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर चेयरपर्सन रजनी इंद्रजीत विरमानी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य सतीश सरोहा, जयभगवान ठेकेदार, पूर्व मुख्य महासचिव व संस्थापक सदस्य रमेश टांक, होशियार सिंह, पूर्व आईएएस अधिकारी आरएस वर्मा, गोहाना जिला खेल अधिकारी रामनिवास, पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति, हाईकोर्ट चंडीगढ़ से अधिवक्ता शौकीन वर्मा शिरकत करेंगे।

### किरायेदारों और नौकरों की वेरिफिकेशन जल्द करवाएं

- बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट पुलिस थाना में जमा करवाएं

**भिवानी।** असामाजिक गतिविधियो पर नियंत्रण पानें के लिए घरों में बाहर से आये हुए किरायदारों व नोकरों की पुलिस वेरिफिकिशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। क्योकि कुछ अपराधिक किस्म के व्यकित जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है फिर उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है। इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गम्भीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवानें में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक नें कहा कि पुलिस द्वारा किरायदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता रहा है। अभियान के तहत जितना जल्दी संभव हो अपनें किरादारों व नोकरो का पुलिस वेरिफिकेशन करा लें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान,औद्योगिक संस्थान, फैक्ट्रियां, ढाबा व रेस्टोरेंट व ठेकेदारों के पास जितने भी बाहरी राज्यों के कर्मचारी हैं उनकी पुलिस वेरिफिकेशन करवा कर ही काम पर रखें। इसका रिकॉर्ड संबंधित थाना/ चौकी में भी जमा करवाएं। जो लोकल लोग काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी मालिक के पास होना चाहिए।

### कबाड़ी पर हमला कर लूटी नकदी पड़ोसियों ने अस्पताल पहुंचाया



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में जमालपुर रोड के पास कबाड़ी की दुकान से कबाड़ी के साथ युवकों द्वारा मारपीट करके नकदी व सोने की चैन छीन ली। चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने बचाया और पीड़ति को बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार पश्चात भिवानी के सामान्य अस्पताल में रेफर कर दिया गया। 30 वर्षीय पीड़ति जमालपुर निवासी हिमांशु शर्मा ने बताया कि उसके पिता नरेश शर्मा ने लगभग 14 वर्षों से बवानी खेड़ा में कबाड़ की दुकान की हुई है। शुक्रवार सुबह लगभग10 बजे गांव के ही तीन युवक आए और उस पर लाठी, डंडो, मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके चिल्लाने पर हमलावरों ने उसके गले से सोने की चेन व एक लॉकेट सहित जेब में 45700 रुपये की नकदी भी छीन ली। अस्पताल में दाखिल करवाया जहां प्राथमिक उपचार पश्चात उसे भिवानी के सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया। इस बारे डॉ. रवि ने बताया कि ओपीडी में केस आया था जिसके मुंह व कमर पर लाठी, डंडों व मुक्के मारने के निशान थे, प्राथमिक उपचार पश्चात भिवानी के नागरिक अस्पताल मे रेफर किया गया। दूसरी तरफ इस बारे में थाना प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है, गहनता से जांच की जाएगी।

### एक सप्ताह बाद किसी दुकान पर पटाखे मिले तो नपेंगे दुकानदार

- विवाह शादियों में भी नहीं चला पाएगा कोई भी शख्स पटाखे

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आने वाले सभी जिलों में सभी प्रकार के पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला में लाइसेंस धारकों को उनके स्टॉक में रखे गए पटाखों को सात दिन के अंदर-अंदर डिस्पोज ऑफ करना होगा। सात दिन के पश्चात किसी भी लाइसेंस धारक या अन्य किसी दुकान पर किसी भी प्रकार के पटाखे मिलते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी कौशिक ने ये निर्देश सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के चलते लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अब कोई भी व्यक्ति शादी या अन्य किसी समारोह के दौरान किसी भी प्रकार के पटाखे नहीं चला सकेगा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी प्रकार के पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करना है।

**खंड स्तर पर होगा टीमों का गठन:** उपायुक्त ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला, उपमंडल स्तर और ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों की टीमों का गठन किया जाएगा। अधिकारियों की टीमों द्वारा लाइसेंस धारकों के गोदामों और दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा।

### पुलिस की मौजूदगी में चलता रहा अभियान

# डीटीपी ने अवैध निर्माणों को ढहाया

- जिला उद्यान अधिकारी देवी लाल को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



कई दिनों से सुस्त डीटीपी का शुक्रवार को पीला पंजा चला। डीटीपी की टीम ने शुक्रवार के रोहतक रोड पर पहुंचकर करीब डेढ एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी के निर्माण को गिराया। इस दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध किया,लेकिन पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चली। डीटीपी का अभियान चलता रहा। सारा निर्माण गिराने तथा बनाए गए अवैध रास्तों को भी बंद करने के बाद ही डीटीपी की टीम वहां से वापस लौटी।

शुक्रवार को डीटीपी की टीम अवैध निर्माण हटाने के लिए मौजा नौरंगाबाद में भिवानी-रोहतक रोड़ पर पहुंची। टीम ने वहां पर काटी गई अवैध कॉलोनी के निर्माण को गिराना आरंभ कर दिया। निर्माण ढहाता देख कर कुछ लोगों ने विरोध करना आरंभ कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उन लोगों को ज्यादा देर तक विरोध नहीं चला। टीम ने वहां पर काटी गई अवैध कॉलोनी के पूरे निर्माण को गिरा दिया। करीब डेढ घंटे तक टीम का यह अभियान चला। उसके बाद टीम वापस लौट आई। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उद्यान अधिकारी देवी लाल को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल की भी ड्यूटी लगाई गई।

### अवैध निर्माण ना करें

उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर योजनाकार विभाग ने नौरंगाबाद में भिवानी-रोहतक रोड पर अवैध निर्माण हटाए। डीसी ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अवैध कालोनी, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सड़कों की हरित पटटी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण ना करें। उन्होंने बताया कि योजनाकार विभाग द्वारा लगभग 1.5 एकड़ में बने अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया। इस मौके पर विभाग द्वारा लोगों को समझा गया कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी व किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। उन्होंने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है।




घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती है।

घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।

# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा


# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रम: साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रम: एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रम: बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रम: नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

#### वेतन प्रारंभिक स्तर

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिक: 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिक: 9,60,000 – 18,00,000

#### वरिष्ठ स्तर

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

#### आवश्यक कौशल

- एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
- उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एन्क्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
- कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
- हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
- रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।

नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

#### स्वतंत्र सलाहकार

प्रति प्रोजेक्ट: 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

## प्रमुख कार्य क्षेत्र

**-बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं :** ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
**-सरकारी एजेंसियां :** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
**-आईटी कंपनियां :** सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
**-ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म :** ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
**-स्वास्थ्य सेवाएं :** रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
**-शैक्षणिक संस्थान :** छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
- भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
- बैंकों और बीमा कंपनियाँ
- आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
- विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
- स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्जु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

## योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला :** युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्जु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम :** युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता :** युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व :** युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### हर बूथ पर सुना जाएगा मन की बात कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** शुक्रवार को भाजपा कार्यालय जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 25 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की। बैठक में भाजपा के प्रदेश आईटी सहसंयोजक रूपेश जैनाबाद का मार्गदर्शन रहा। रूपेश जैनाबाद ने कहा कि 25 मई को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनने की व्यवस्था होनी चाहिए।

### मनोज की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता

**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान व एचडी स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने पंजाब के कपूरथला में शहीद मनोज फौगाट के घर पहुंचकर शोक जताया। मनीषा सांगवान ने शहीद की पत्नी और मां को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मनोज की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद किसी एक घर या परिवार से नहीं बल्कि सबके सांझे होते हैं।

### स्काउट की गतिविधियों के बारे जानकारी दी

**भिवानी।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सचिव के आदेशानुसार एवं जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट) कम जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज के दिशा-निर्देशों पर शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में गाइड (विभाग) भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की बैठक आयोजन किया। बैठक को जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) स्टेट अवॉर्डी प्राचार्य पवन कुमार व जिला संगठन आयुक्त (गाइड) रीतू परमार ने स्काउट की गतिविधियों के बारे में यूनिट लीडर्स को विस्तृत जानकारी दी।

### रोहिंग्या के खिलाफ धरना-प्रदर्शन आज

**भिवानी।** लाइनपार क्षेत्र में अवैध बंगलादेशी, रोहिंग्या, नशा तस्कर, छीना झपटी, सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने मांग को लेकर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन 24 मई शनिवार को तोशाम फाटक पर किया जाएगा। क्षेत्रवासियों कि एक मीटिंग शुक्रवार को दिनोद रोड़ स्थित चाचा टैंट हाऊस पर आयोजित हुई। यह जानकारी रेल अंडरपास महापंचायत श्री जीतूवाला महापंचायत के संयोजक एवं कोषाध्यक्ष रोहतास वर्मा ने देते हुए बताया कि मीटिंग की अध्यक्षता अधिवक्ता राकेश पंवार एवं कृष्ण सिंह परमार ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की तथा संचालन रामसिंह वैद्य ने किया।

### शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण दिया

**बवानीखेडा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में आयोजित तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट गाइड प्रवेशिका प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में बच्चों को विभिन्न शारीरिक, सामाजिक एवं आत्म-सुरक्षा संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के ट्रेनिंग इंचार्ज रोहित जांगड़ा ने बच्चों को स्काउट-गाइड का इतिहास, ध्वज गीत, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की तालियाँ , देश एवं समाज सेवा की भावना, तथा अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

# महंत स्वामी सदानंद सरस्वती बोले, उनकी साधना विश्व शांति के साथ नशा मुक्ति एवं पर्यावरण की शुद्धि के लिए

प्रदीप नाथ एक मई से पंच प्रज्वलित धूनी तप कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एक तरफ जहां झुलस देने वाली गर्मी से लोग राहत पाने के लिए तरह-तरह के उपाय ढूंढ रहे हैं, वहीं विश्व शांति की कामना को लेकर खरकड़ी बावनवाली में दो धूनी तपस्या कर रहे हैं। दादी सती आश्रम के महंत स्वामी सदानंद सरस्वती व गांव के महंत प्रदीप नाथ धूनी अग्नि तपस्या पर बैठे हुए हैं। जहां प्रदीप नाथ एक मई से पंच प्रज्वलित धूनी तप कर रहे है। जो 41 दिन तक चलेगी। दूसरी ओर महंत स्वामी सदानंद सरस्वती सोमवार को 41 दिन की तपस्या 21 धूनी तपस्या पर बैठे हैं।

**खास बातें**

- दूसरी ओर महंत स्वामी सदानंद सरस्वती सोमवार को 41 दिन की तपस्या 21 धूनी तपस्या पर बैठे हैं

### पंच धूनी अग्नि तपस्या में पंच तत्वों की ही साधनाः सरस्वती

!!

अखंड पंच धूनी अग्नि तपस्या का महत्व बहुत गहरा है। तपस्या में पांच अग्नि ढेर संदेश देते हैं कि मनुष्य शरीर पांच तत्वों से बना है तथा पंच तत्वों के द्वारा इस समस्त सृष्टि का निर्माण हुआ है। महंत स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में जब लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं तथा तापमान 45 डिग्री पार चला जाता है। गर्म हवा के थपेड़े पड़ते हैं तब संत महापुरुष मानव समाज कल्याण के लिए हठ योग से अपने शरीर की सीमाओं के पार चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि अग्नि पंच महाभूतों में से एक है। इन पंच महाभूतों से ही पूरी सृष्टि का सृजन हुआ है। यदि इन तत्वों को सिद्ध कर लिया जाए तो पूरे संसार में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 6 वर्षों से यह साधना कर रहे हैं। उनकी साधना विश्व शांति के साथ नशा मुक्ति एवं पर्यावरण की शुद्धि के लिए भी है। इस अवसर पर संदीप श्योराण, रणवीर पंच, मनजीत श्योराण, प्रदीप श्योराण, प्रवीण कुमार, विक्की गुर्जर, अजीत ढिल्लों, सुनील कुमार, शीशपाल धुवाँ, प्रमोद, जयदीप श्योराण, रजनीश बाजवा आदि सेवक उपस्थित रहते हैं।



**भिवानी।** धूनी अग्नि तपस्या पर बैठे हुए महंत स्वामी सदानंद सरस्वती।

### दोनों धूनो पर श्रद्धालु पहुंच रहे

भीषण गर्मी में महंत प्रदीप नाथ की अखंड पंच धूनी अग्नि तपस्या जारी है। हर रोज दोनों धूनो पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था एवं भक्ति भाव के साथ पहुंच रहे हैं। महंत स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि वह पिछले 13 सालों से तपस्या करते आ रहे हैं तो वहीं प्रदीप नाथ की छठी अग्नि तपस्या पर बैठे हुए हैं। महंत प्रदीप नाथ ने कहा कि वह सनातन धर्म की आवाज बुलंद करने, विश्व शांति एवं जनकल्याण के लिए आग उगलती गर्मी में अग्नि तपस्या कर रहे है।

### नालों और सीवरेज लाइन के सफाई कार्य में तेजी लाएंः उपायुक्त

**भिवानी।** मानसून सीजन के मद्देनजर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व अन्य संबंधित विभागें के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने बरसाती पानी की निकासी व सीवरेज सिस्टम दुरूस्त करने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा तथा नालों व सीवरेज लाइन के सफाई कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि बरसात का मौसम शुरु होने से पहले-पहले निकासी के प्रबंध हो जाने चाहिएं।

## जी लिट्रा वैली में रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन

# चित्रों से उकेरी सेना के शौर्य की गाथा दुश्मन देश को बताई उसकी औकात

दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ हमारे वीर सैनिकों का शौर्य व पराक्रम देखा ।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शुक्रवार को जी लिट्रा वैली विद्यालय में बच्चों ने चित्रकला व रंगोली बनाकर देश की सेना के शौर्य की गाथा दर्शाई। बच्चों के मन में देश की सेना के प्रति जो भाव अंदर छीपे हुए थे, उन्होंने रंग की तूलिका से बिखेरे। साथ ही बच्चों ने चित्रकला व रंगौली बनाकर सिंदूर ऑपरेशन का खूब प्रचार व प्रसार किया। स्कूल में भारतीय सेवा की ताकत और बहादुरी को दर्शाते हुए चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसा की सर्व विदित है कि कुछ समय पूर्व पहलगाम में आतंकवाद का क्रूर चेहरा देखा गया। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से उसका प्रतिकार किया । दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ हमारे वीर सैनिकों का शौर्य व पराक्रम देखा । सेना के शौर्य को समर्पित करते हुए विद्यालय में चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के अनेक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कला अध्यापक योगेश बरनेला ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



**भिवानी।** स्कूल में चित्रकला व रंगोली बनाती प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

### अपने कर्तव्य को याद रखें

*प्राचार्या सीमा मक्कड़ व ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग ने विद्यार्थियों को बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों के प्रतिभा कौशल को उजागर करना व उनमें देश प्रेम की भावना जागृत करना है । हम सभी को सदैव अपने राष्ट्रहित के लिए तत्पर रहना चाहिए । सामाजिक हितों की रक्षा करते हुए अपने कर्तव्य को याद रखना चाहिए साथ ही आतंकवाद जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। देश द्रोही गतिविधियों से स्वयं को दूर रखकर सभी को जागरूक करना चाहिए।*



**बवानीखेड़ा।** स्थित बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र को समर्पित रंगोली प्रतियोगिता में उपस्थितजन।

### बी. के. स्कूल में आतंकवाद के विरुद्ध रंगोली के माध्यम से दिखी देशभक्ति की झलक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस के उपलक्ष्य में स्कूलों में चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन आतंकवाद के खिलाफ सेना के पराक्रम को लेकर ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र को समर्पित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कला अध्यापक हरि ओम बाबा के नेतृत्व में किया गया। ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों ने आतंकवाद के विरूद्ध सेना के पराक्रम को प्रदर्शित कर अपनी भावनाओं को रंगोली के माध्यम से उकेरा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली एवं देश के प्रति उनके जज्बे की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ विभाग समन्वयक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, मनीष शंकर, प्रोमिला वर्मा, मिनाक्षी, पार्वती, प्रियंका, संजीव देशवाल, प्रदीप सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



**बहल।** कस्बे में तिरंगा यात्रा निकालने से पहले लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री जेपी दलाल। *फोटो: हरिभूमि*

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

- पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने किया तिरंगा यात्रा का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाक में चल रहे आतंकी ठिकानों को नष्ट किए जाने पर सेना के शौर्य, वीरता और पराक्रम के सम्मान में कस्बे में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व करते हुए पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पूरे विश्व में भारत की आत्मनिर्भरता, सक्षमता और मजबूत राष्ट्र की पहचान बनी है। देश के कुशल नेतृत्व में सेना को मिली खुली छूट ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़वा दिए और पाक भारतीय सेना के सामने घुटने टेकने पर मजबूर हो गया।

शुक्रवार को नई अनाज मंडी से शुरू हुई तिरंगा यात्रा ऑटो मार्केट में जाकर संपन्न हुई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरे देश के लोगों का खून खौल गया था और वे जवाबी कार्रवाई चाहते थे। जनभावना के अनुरूप पीएम मोदी ने पहले ही एलान कर दिया था कि भारत चुप नहीं बैठेगा।

### देश हर क्षेत्र में बन रहा आत्मनिर्भरः दलाल

पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। जहां भारत देश उन्नति और विकास चाहता है वहीं वह अमन, चैन और शांति का पक्षधर है। पर, भारत को यह कतई बर्दाश्त नहीं कि देश के नागरिकों को किसी प्रकार की कोई क्षति पहुंचाए। उन्होंने कहा कि अन्य सैन्य अभियानों के अलग ऑपरेशन सिंदूर कठोर निर्णय, मानवीयता, तकनीकी दक्षता और सटीक रणनीति की जीवंत मिसाल बना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत कश्मीर पर बात तो करेगा पर भारत वाले कश्मीर की नहीं वरना उस कश्मीर की बात करेगा जो पाक के कब्जे में हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में एक यह भी संदेश गया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व व भारतीय सेना के साथ पूरा देश एकजुट होकर खड़ा था।

## शहीदों के सम्मान में बनाई रंगोली




**चरखी दादरी।** शहीदों के सम्मान में बच्चों द्वारा बनाई रंगोली। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

- एचडी पब्लिक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कार्यक्रम

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के संस्कार सभागार में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय सेनाओं के अद्वितीय पराक्रम को समर्पित तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ।

प्राचार्या नमितादास ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, शौर्य तथा शहीदों के बलिदान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना था। स्कूल के निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि छात्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने हेतु इस प्रकार के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली ने समस्त उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगोली में तिरंगे के रंगों का प्रयोग करते हुए भारतीय सेना की वीरता को सुंदरता से दर्शाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने भावपूर्ण भाषण और देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं की प्रस्तुति दी। उन्होंने भारतीय सैनिकों के बलिदान और संघर्ष को शब्दों में पिरोते हुए सभागार को गूंजा दिया।

## गांवों में चलाया निमंत्रण अभियान

- स्वर्गीय खरेटा के दिखाए मार्ग पर चलते हुए किया जा रहा किसान एवं गौ हित में कार्य: गोदारा
- 4 जून को गांव खावा में गोशाला का उद्घाटन और मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर 4 जून को गांव खावा स्थित किसान भवन में गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानीवाला गौशाला का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के लिए निमंत्रण अभियान चलाया। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे निमंत्रण अभियान के तहत शुक्रवार को गांव मिताथल, बडेसरा, धनाना, घुसकानी, प्रेमनगर, तालु, मुंढ़ाल, जताई, सुखपुरा, कालुवास आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु व गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा ने बताया कि उत्तम टिकाऊ खेती, प्रशिक्षण केंद्र, गौ नस्ल सुधार केंद्र एवं वैदिक पैथी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन भी किया जाएगा। शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा ने जीवनपर्यंत किसान एवं गाय की सेवा का कार्य किया, ऐसे में उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए किसान एवं गौसेवा की दिशा में कार्य किए जा रहे है, जिसके तहत उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर गोशाला का उद्घाटन किया जाएगा।



**भिवानी।** कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देते मोर्चा व ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पहलवान, संयुक्त किसान मोर्चा, भाकियू सामाजिक संगठन सहित सर्वसमाज के गणमान्य व्यक्ति पहुंचेंगे। इस अवसर पर युवा प्रदेशाध्यक्ष युद्धवीर सिंह खरेटा, जिला सचिव मनफूल पटौदी, राजसिंह धनाना भी साथ रहे।

## उप प्रवर्तक आनंद मुनि महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

# क्रोध, चिंता व भय दुःखी जीवन के मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जीवन में दुःखी होने के तीन मुख्य कारण क्रोध, चिंता और भय है। क्रोध को जब उचित रूप से प्रबंधित नहीं किया जाता है, तो तनाव और रिश्तों को खराब कर सकता है। क्रोध ऐसी भावना है जो असफलता या अन्याय के कारण हमें दुःखी कर सकती है। चिंता जो लगातार और अत्यधिक होती है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, ये बात उप प्रवर्तक आनंद मुनि महाराज प्रवचन दिवाकर दीपेश मुनि महाराज ने गुरु मंदिर में आयोजित गुरु आराधना चालीसा एवं सत्संग महोत्सव के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को कही।



**चरखी दादरी।** दादरी में गुरु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुनि व भक्त।

### ध्यान योग व सकारात्मक दृष्टिकोण मार्ग अपनाएं

दीपेश मुनि ने कहा कि चिंता ऐसी भावना है जो भविष्य के बारे में अनिश्चितता या डर के कारण होती है। भय जो अक्सर अपरिचित या अज्ञात के प्रति होता है हमारे जीवन को बाधित कर सकता है। भय एक ऐसी भावना है जो खतरे या नुकसान के प्रति हमारी प्रतिक्रिया है। सत्संग की राह पर चलकर हम इन बाधाओं को दूर कर सकते हैं। दीपेश मुनि ने बताया कि क्रोध, भय और चिंता जैसे नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करने के लिए ध्यान योग व सकारात्मक दृष्टिकोण मार्ग अपनाना महत्वपूर्ण है। इन तकनीकों का उपयोग कर आप अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे जीवन में शांति और खुशी का अनुभव हो सकता है। भय के कारणों का सामना करने और उनसे निकलने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना महत्वपूर्ण है और अपनी भावनाओं और व्यवहार को समझना होगा, जिससे मनुष्य अपनी कमियों को पहचान कर और उन्हें सुधार कर सकते हैं। नकारात्मक विचारों से बचने और सकारात्मक विचारों को अपनाने का प्रयास करके अपने जीवन में खुशी और शांति प्राप्त की जा सकती है।

## आदर्श महिला कॉलेज में दर्शना गुप्ता आरोग्य केंद्र प्रारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- शिक्षा के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा केंद्र: अशोक

आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं के लिए दर्शना गुप्ता आरोग्य केंद्र प्रारम्भ किया जाएगा। यह एक ऐसा केंद्र होगा जो शिक्षा के साथ साथ शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाओं को उपलब्ध करवाकर बेटियों को सशक्त बनाने में सहायक होगा।

यह आरोग्य केंद्र छात्राओं पर पढ़ाई के दबाव से उत्पन्न तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगा। वहीं व्यायाम कक्षाएं चलाकर शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और हृदय स्वास्थ्य को मजबूत करने में मदद कर सकेगा। प्रबंधन समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने बताया कि इस समय बच्चे पाश्चात्य रंग में रंगते जा रहे हैं, जिसके चलते नई पीढ़ी अपने खानपान को भूल गई है तथा वे बढ़ते शो ऑफ (दिखावा) के कारण शारीरिक व मानसिक रूप से भी कमजोर हो रही है। हम चाहते हैं कि हमारी बेटियां बुनियादी अवसर प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सशक्त महिला बनें।

### जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार और जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डी.आर. चालिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी के मार्गदर्शन में नशा उन्मूलन और स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में सीजेएम-सह-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**सूचना**

मैं, केला पत्नी इमरत लाल निवासी गांव चैहड़ कलां उप तहसील बहल तहसील लोहारू, जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हरिकिशन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### लघु सचिवालय में त्रिवेणी रोपित कर बताया महत्व

**भिवानी।** व्यक्ति अपने जीवन में एक त्रिवेणी रोपित करता है तो उसकी आने वाली कई पीढ़ियों को इसका लाभ मिलता हैं। त्रिवेणी में लगने वाले बड़, पीपल और नीम में समान गुण होने के कारण इन्हें त्रिवेणी कहा जाता है। ये तीनों पेड़ लंबी आयु के साथ-साथ पर्यावरण को भी सबसे अधिक शुद्ध बनाते है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने लघु सचिवालय प्रांगण में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही।

### घर में घुसकर चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा पुलिस ने बवानी खेड़ा में रात के समय घर में घुसकर चोरी की कोशिश करने के दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। जिनकी पहचान वार्ड 2 निवासी अनुराम व अजय के रूप में हुई है। बवानी खेड़ा के विकास ने पुलिस को एक शिकायत कर 21 मई की रात घर में घुसकर लोहे की एंगल चोरी करते समय परिवार ने दो चोरों को पकड़ लिया था। जिन्हें बाद में पुलिस को सौंप दिया था।

### उपचुनाव के मतदान के दिन रहेगा पेड होली-डे

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी मुनीश शर्मा ने बताया कि पंचायत उप चुनाव के दिन रविवार 15 जून को मतदान क्षेत्र में हरियाणा सरकार के मतदाता के रूप में पंजीकृत कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मतदान के दिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-बी के तहत सवैतनिक अवकाश की अनुमति होगी।

### ताराचंद की पुण्यतिथि पर 25 को फ्री रक्तदान शिविर

**बहल।** पूर्व सरपंच व भाजपा के वरिष्ठ नेता गजानंद अग्रवाल के पिता गोसेवक स्व. ताराचंद अग्रवाल की 10 वीं पुण्यतिथि पर कस्बे में जीटी हॉप फाउंडेशन के तत्वावधान में 25 मई को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सर्वेश अस्पताल हिसार के चिकित्सकों द्वारा लोगों को चिकित्सा सुविधा व परामर्श दिया जाएगा।

### समाधान शिविर की शिकायतें शीघ्र निपटाएं

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर, जन संवाद व सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को लंबित न रखें। लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें।

### हमले से सहमे परिवार ने 4 दिन बाद दी शिकायत

**लोहारू।** चार दिन पहले शहर के वार्ड न. 14 में एक मोबाइल शॉप मालिक के घर देर रात को बाइक सवार दो युवकों ने घर के बाहर खड़ी कार व सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए थे। जिससे परिवार सहमा हुआ था। इस घटना के चर्चा पूरे कस्बे में आम थी, परंतु सहमे हुए परिवार ने चार दिन बाद अब लोहारू पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### पीटीआई एवं डीपीई की बकाया राशि का भुगतान करने की मांग

# पीटीआई एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा अपना मांगपत्र

### डीईओ ने हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन की मांगों को जल्द पूरा करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान कुलदीप महला एवं जिला महासचिव सुधीर मलिक की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज से मिला और विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने डीईओ सुभाष भारद्वाज के समक्ष शारीरिक शिक्षकों एवं खिलाड़ियों से संबंधित मांगें रखी, जिसमें वर्ष 2000 एवं 2004 में नियुक्त पीटीआई काफी समय से लंबित एसीपी लगवाने, निदेशालय आदेशानुसार जिले के सबसे वरिष्ठ डीपीई को एईओ पद पर नियुक्त करने को जिले के पांच वरिष्ठ डीपीई को बुलाकर उनमें से इच्छुक एवं काम करने वाले को नियुक्त देने तथा जिले के सबसे वरिष्ठ पीटीआई को एईईओ के पद पर नियुक्त करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को करवाने वाले रेफरी एवं ऑफिशल ड्यूटी पर जाने वाले पीटीआई एवं डीपीई की बकाया राशि का भुगतान करने, राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक सूट के साथ खेल वर्दी देने एवं जिले के सभी राजकीय वमा विद्यालयों में पीटीआई एवं डीपीई दोनों की पोस्ट खोलने, हाई स्कूल व मिडिल के सभी विद्यालयों में पीटीआई एवं डीपीई की पोस्ट होने की मांग की।



**भिवानी।** डीईओ को मांगपत्र सौंपते हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### जल्द होगा समाधान

इस पर जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि प्रतिनिधिमंडल ने जो मांगें रखी हैं, उनका जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा। इसके साथ ही डीईओ ने आश्वासन दिया कि किसी भी पीटीआई का एसीपी से संबंधित मामला लंबित नहीं रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्य प्रधान राजेश ढांडा, सोमदत्त शर्मा, बलवान सिंह, विनोद पिंकू, अजमेर सिंह, शमशेर सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुशील पीटीआई, जयवीर पीटीआई, सुनील पीटीआई, वरिष्ठ डीपीई श्रीभगवान व पीटीआई जगबीर मलिक आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपता ठठेरा समाज का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

### ठठेरा समाज ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी करने की मांग

**भिवानी।** ठठेरा समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर हैहयवंशीय क्षत्रिय समाज धर्मशाला हरिद्वार के अध्यक्ष बदरी नारायण के नेतृत्व में समाज का प्रतिनिधिमंडल सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से मिला तथा मांगपत्र सौंपते हुए उन्हें समाज की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की गुहार लगाई। ज्ञापन में राज्यमंत्री के समक्ष समाज से जुड़ी समस्याएं रखते हुए अध्यक्ष बदरी नारायण ने बताया कि हैहयवंशीय क्षत्रिय धर्मशाला एवं अन्न क्षेत्र न्यास के नाम से हरिद्वार में मस्तराम गली में एक धर्मशाला है, जिसमें न कोई परिवहन साधन जा सकता है, न ही कोई यात्री आ सकता है, ऐसे में न्यास को एक और भूखंड उपलब्ध करवाया जाए, ताकि पुराने भवन को विक्रय करके नए धर्मशाला भवन का निर्माण कर लोगों की सेवा की जा सकें। समस्याएं सुनने के बाद राज्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे ठठेरा समाज की समस्याओं का जल्द समाधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि वे ठठेरा समाज का सहयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, बबल शामली, कैलाशचंद्र, राजीव वर्मा हापुड़, रमेश कुमार रेवाड़ी, विजय आनंद दिल्ली, विरेंद्र कुमार भिवानी इत्यादि मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** मीटिंग में अधिकारियों के साथ विधायक सुनील सांगवान।

## बिजली पानी सप्लाई को सुचारू बनाए रखें विभाग

- विधायक ने विश्राम गृह में एसडीएम व विभागों के अधिकारियों के साथ की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने गर्मी के मौसम में आवश्यक सेवाओं की स्थिति का आंकलन किया। उन्होंने जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्वच्छ पानी के अलावा बिजली की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मोटरों की तत्काल मरम्मत, नवीनीकरण करने के अलावा उन क्षेत्रों में पानी के टैंकर से सप्लाई करने को के निर्देश दिए जहां तकनीकी खराबी ने आपूर्ति बाधित है। विधायक ने बारिश से पहले पानी निकासी, सड़कों सहित अन्य प्रबंधों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने शुक्रवार को विश्राम गृह में एसडीएम विरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ मीटिंग में बारिश सीजन से पहले किए प्रबंधों के अलावा पर्याप्त बिजली-पानी सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे मंथन किया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग अधिकारियों को सड़कों पर बने गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त ब्लैक-टॉप वाले हिस्सों की तेजी से मरम्मत और कच्ची सड़कों को पक्का करने के निर्देष दिए। वहीं सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में मोटरें, मशीनों सहित अन्य प्रबंध पूरे करने की बात कही। कहा कि युद्ध स्तर पर नहरों, फील्ड चैनलों और माइनरों की सफाई और मरम्मत करें। ताकि हर खेत व जलघरों तक पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सके। गर्मी के मौसम में बिजली कटों से निजात के लिए उपकरणों को ठीक करने व कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाने के निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान ने जवाबदेही को मजबूत करने के लिए प्रत्येक विभाग को समर्पित हेल्पलाइन और नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता अविनाश यादव, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सोहन लाल, नगर परिषद एक्सईएन सुंदर श्योराण, सिंचाई विभाग एक्सईएन सतेंद्र सिंह, मैकेनिकल डिविजन एक्सईएन वेदपाल सांगवान, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुमेर सिंह सहित एनएचएआई मौजूद रहे।

## शस्त्रों के चित्र उकेर शहीदों को किया नमन

- देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान से सजा हुआ है तिरंगा : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम के तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति ने स्कूल में सेना व सैनिकों के पराक्रम को सलाम किया और उन देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने सरहद की हिफाजत करते हुए अपना जीवन त्याग एवं बलिदान कर दिया है। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से धरा पर जवानों के पराक्रम को लेकर शस्त्र का चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्तों के पराक्रम को याद किया, जिन्होंने समय समय पर देश को महफूज रखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल संचालिका सावित्री यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि देशभक्तों के त्याग और बलिदान को हमें हमेशा याद रखना चाहिए और आने वाली पीढ़ी के अंदर वह जज्बा पैदा करना चाहिए, ताकि जब भी देश पर दुश्मन नजर जमाए तो उसे उखाड़ फेंकने का दम हर भारतीय युवा में हो और जब भी देश को जरूरत पड़े तो प्रत्येक भारतीय देश की हिफाजत के लिए मजबूत दीवार बनकर सामने खड़ा हो सकें। उन्होंने कहा कि जब-जब भारत पर दुश्मन ने आक्रमण किया भारतीय सेना के सैनिकों ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया और भारत को महफूज रखा है। उन्होंने देशभक्तों को सलाम करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का करारा जवाब देकर शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है। सेना की वीरता और बलिदान को सलाम करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। आम नागरिक, युवा, विद्यार्थी व सामाजिक संगठन तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरकर सैनिकों के सम्मान में नारे लगा रहे हैं।



**भिवानी।** शहीदों को नमन करते अतिथि व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या समी यादव, अंजू शर्मा, सरला अग्रवाल, सुमित मलिक, मास्टर कपील वर्मा, उर्मिला सैनी, कविता रंगा, नीलम सैनी, पूनम, कीर्ति व ललिता सैनी आदि शामिल रहे।

## कैप्टन स्कूल के 8 छात्र क्वालीफाई

- साक्षी, मोनिका, निमाशु, भावना, सन्नी, लक्ष्मी, रुपेश, मिनाक्षी ने पोस की सैनिक स्कूल की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

तोशाम स्थित कैप्टन हाई स्कूल के आठ विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने बताया की साक्षी, मोनिका ,निमाशु, लक्ष्मी, सन्नी, मीनाक्षी, रुपेश व छात्रा भावना ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। प्राचार्य राजेन्द्र सिंह व स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। स्कूल स्टाफ संतोष, मंजू, नीलम, ज्योति, राजबाला, अन्नु योगिता, राममेहर, रामनिवास, मनोज जागडा, संतोष मिश्रा, अजय व विद्यार्थियों के परिजन रामपाल, वेदप्रकाश पिजोखरा, मान सिंह, जितेन्द्र, फूल सिंह, दिनेश, रोहताश, किताब सिंह आदि मौजूद रहे। राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि सच्ची लग्न व मेहनत के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में छात्र गितेश पंघाल ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश पाया। वर्ष 2023-24 में स्कूल के पांच विद्यार्थिकों ने प्रवेश परीक्षा पास की थी।



**तोशाम।** शिक्षकों के साथ परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी।

## लिटिल हार्टस में समर कैंप शुरू

- कैंप में बच्चों ने की मस्ती, अनके गतिविधियों का किया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लिटिल हार्टस कान्वेन्ट स्कूल में शुक्रवार को सभी कक्षाओं के समर कैम्प का बड़े ही शानदार ढंग से आरम्भ किया, जिसके अंतर्गत प्ले ग्रुप से लेकर तृतीय कक्षा के विद्यार्थियों की अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि समर कैंप में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने पुरे उत्साह व आनन्द के साथ हिस्सा लिया व एक से बढ़कर एक अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्ले ग्रुप कक्षाओं की नो बैग गतिविधि, रेड कलर डे, ग्रुप एक्टीविटी, बिस्कुट टोपिंग व सर्कल आर्ट गतिविधि हुई। कक्षा प्रथम से तृतीय कक्षाओं की पुल पार्टी, वाटर स्पोर्टस, डांस, आर्ट एंड क्राफट, साईस एक्सपेरीमेंटस, स्पेस मुवीज, कुकींग विदआउट फायर, बैग मैनेजमैन्ट, शु लेस टाईंग, दौड़ व इनडोर गेम्स का आयोजन किया। स्कूल निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानंद सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्राचार्या वीना सेठ, को-आर्डिनेटर पुनम मस्ताना, ममता, अन्नु, ज्योति, रिटा शर्मा, कविता गोयल, रेखा, भावना, हेमलता, राखी, रिना, नेहा, सुमन व सीमा उपस्थित रहे।



**भिवानी।** लिटिल हार्टस स्कूल में समर कैम्प में भाग लेते बच्चें। *फोटो : हरिभूमि*

## विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

- राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में हुआ नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नशामुक्त समाज के स्वप्न को साकार करने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट एवं महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया, जिसके तहत शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि सिटी थाना एसएचओ सत्यनारायण ने शिरकत की तथा अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य देवेंद्र सांगवान ने की और हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। इस मौके पर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने करीबन 1200 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना और उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न कभी नशा करेंगे।



**भिवानी।** विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाते सिटी थाना प्रभारी सत्यनारायण। *फोटो : हरिभूमि*

#### नुकसान भी बताए

एसएचओ सत्यनारायण ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार व समाज को भी प्रभावित करता है। हम सब मिलकर ठान लें, तो नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाने का माध्यम बनते है, बल्कि समाज के नवनिर्माण के लिए युवाओं में नई ऊर्जा एवं संकल्प का संचार भी करते है।

### ज्यादा गंभीर नहीं है कोरोना का नया वैरियंट, सतर्कता जरूरी

# जिले में कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

- प्रदेश में अब तक 5 केस, भिवानी में बरती जा एतिहात : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा प्रदेश में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। गुरुग्राम व फरीदाबाद में एक एक केस आने के बाद भिवानी में भी स्वास्थ्य विभाग सचेत हो गया है। किसी तरह की स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अलग से वार्ड स्थापित करवाया है। साथ ही चिकित्सकों को हर वक्त अर्लट मोड में रहने के निर्देश दिए है। इनके अलावा अस्पताल इलाके में सोशल डिस्टेंस का प्रोटोकॉल अपनाने के भी निर्देश दिए है। सीएमओ डॉ. रघुबीर सिंह शांडिल्य ने बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है। विभाग की सारी तैयारी पूरी है,लेकिन उसके बावजूद सावधानियां बरत कर कोरोनो को आसानी से हराया जा सकता है। उल्लेखनीय है अब तक गुरुग्राम में तीन, फरीदाबाद व यमुनानगर मे एक-एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं।



**भिवानी।** कोरोना से बचने के लिए विभाग की तैयारियों के तहत दिशा निर्देश देते हुए।

#### घर पर रहकर ही ठीक हो जाते हैं संक्रमित

उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कोरोना पॉजिटीव पाया जाता है तो ऐसे 70 से 80 प्रतिशत मामले में घर में ही आईसोशलेशन करके ठीक कर लिए जाते है। भिवानी स्वास्थ्य विभाग इस बात को लेकर पूरा एतिहात रखे हुए है। देश व विदेश में इन दिनों कोरोना को जेएन-1 वैरीएंट को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि यह वैरीएंट ज्यादा गंभीर नहीं है।

**कोरोना के लक्षण:** सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि जिस भी व्यक्ति को बुखार, खांसी व गला खराब होने के लक्षण हो, वह विशेषज्ञ चिकित्सक से इसकी जांच करवाए, ताकि कोरोना जैसे संक्रमण को फैलने से रोका जा सकें। ऐसे में लोग किसी भी प्रकार से भयभीत ना होकर जागरूकता रखे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। घर पर ही रहे और आराम करें। सोशल डिस्टेंस अपनाए। सीएमओ ने अस्पताल क्षेत्र में सैनेटाईजर रखवाने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग अपनाए जाने के निर्देश दिए गए है।

### विश्व पर्यावरण दिवसः पांच जून तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पांच जून तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण को वैश्विक स्तर पर समाप्त करना थीम पर आधारित होगा। विश्व पर्यावरण दिवस बारे संबंधित विभागों को निर्देश दिए जा चुके हैं। जिप सीईओ अजय चोपड़ा ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की संयुक्त सहभागिता से 22 मई से 5 जून तक एक पूर्व-अभियान की योजना बनाई गई है। जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों को लेकर जिला के सभी खंडों के विकास एवं पंचायत अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612